an>

Title: Need to take necessary steps for proper implementation of Fasal Bima Yojana in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने फसल बीमा योजनाओं की शुरूआत की है, वे स्वागतयोग्य हैं और किसानों में विश्वास जगाने का काम करती हैं। मगर किसानों को सरकार की इन योजनाओं से जोड़ने का काम स्थानीय बैंकिंग प्रशासन का होता है, लेकिन उनके द्वारा व्यवहारिक रूप से किसानों के बीच इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार ठीक तरीके से नहीं हो रहा है। मेरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र जालौन क्षेत्र (उ.प्र.) बुंदेलखण्ड के अंतर्गत आता है जहां किसान पिछले कई वर्षों से आपदाओं को झेल रहा है एवं केंद्र की इन हितकारी योजनाओं से जानकारी के अभाव में जुड़ने से चूक रहा है।

अतः मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं।